
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 15 जून

1. **विश्व पवन दिवस**– विश्व भर में पवन शक्ति का इस्तेमाल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 15 जून को 'ग्लोबल विन्ड डे' मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 2007 में यूरोप में हुई थी। वर्ष 2009 से यह वैश्विक स्तर पर मनाया जाने लगा। पवन शक्ति का उपयोग विद्युत ऊर्जा प्राप्त करने में किया जा सकता है।
   - **संदर्भ:** वर्ग 8, भूगोल की पाठ्यपुस्तक **'हमारी दुनिया भाग–3' के इकाई 1(घ) 'ऊर्जा संसाधन'** से जोड़कर बतायें।
2. **विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस**– वृद्धजन हमारे घर परिवार, समाज की शोभा हैं। लेकिन वर्तमान समय में बच्चों द्वारा अपने वृद्ध माँ–बाप के साथ हिंसा और दुर्व्यवहार की कई घटनायें सामने आती हैं। बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को रोकने के लिए इसे दुनिया भर में 15 जून को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक प्रस्ताव के परिणाम स्वरूप इस आयोजन की शुरूआत हुई।
3. **अन्ना हजारे का जन्म**– गाँधीवादी विचारधारा के समाजसेवी किसान बाबू राव हजारे, जिन्हें लोग प्यार से 'अन्ना हजारे' कहते हैं, का जन्म 15 जून, 1937 ई. को महाराष्ट्र के अहमदनगर में हुआ था। सूचना के अधिकार के लिये कार्य करने, भ्रष्टाचार विरोधी जन आंदोलन तथा जन लोकपाल विधेयक पारित कराने में अन्ना हजारे का प्रमुख योगदान है। आपको बता दें कि आज के ही दिन वर्ष 2005 में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को राष्ट्रपति ने मंजूरी दी थी। अन्ना हजारे को 1998 में रोटरी इंटरनेशनल मानव सेवा पुरस्कार, यंग इंडिया पुरस्कार, पद्म श्री (1990), पद्म भूषण (1992) पुरस्कार सहित कई अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। हैं।
   - **संदर्भ:** बच्चों को वर्ग 8, नागरिक, **सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन भाग 3, अध्याय 4, कानून की समझ** से जोड़कर सूचना के अधिकार अधिनियम के उपयोग के बारे में बतायें।
4. **देवीप्रसाद राय चौधरी का जन्म**– भारत के महान चित्रकार तथा मूर्तिकार देवी प्रसाद राय चौधरी का जन्म अविभाजित भारत के तेजहट, मीरपुर (वर्तमान बांग्लादेश में रंगपुर जिला) में 15 जून, 1899 ई. को हुआ था। सन् 1958 में इन्हें 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया था। इनकी प्रमुख कलाकृतियों में चेन्नई स्थित लेबर स्टैचू, पटना में सात शहीद स्मारक आदि शामिल हैं।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को पटना के शहीद स्मारक तथा सात शहीदों के बारे में बतायें।

S a t u r d a y

/teachersofbihar

Madhu priya

# दिवस विशेष

15 जून

मधु प्रिया


# वैश्विक पवन दिवस 15 जून



पवन ऊर्जा, पवन ऊर्जा के विभिन्न उपयोगों और पवन ऊर्जा दुनिया को बदलने में कैसे मदद कर सकती है, इसके तरीके और संभावनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 15 जून को दुनिया भर में वैश्विक पवन दिवस मनाया जाता है। वैश्विक पवन दिवस को पहली बार 2007 में पवन दिवस के रूप में मनाया गया था।बाद में, 2009 में इसका नाम बदलकर वैश्विक पवन दिवस कर दिया गया।वैश्विक पवन दिवस का आयोजन विंडयूरोप और ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल द्वारा किया जाता है।अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, पवन ऊर्जा दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते अक्षय ऊर्जा स्रोतों में से एक है। भारत 2021-25 में 20GW पवन क्षमता स्थापित करेगा।पवन ऊर्जा स्वच्छ ऊर्जा का स्रोत है और यह अक्षय है। वर्तमान में, भारत की कुल स्थापित पवन ऊर्जा क्षमता 38.789 GW है। भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे बड़ी स्थापित पवन ऊर्जा क्षमता है। इसे वर्ल्ड विंड डे , विश्व पवन दिवस और विश्व वायु दिवस भी कहते हैं। यह एक विश्वव्यापी कार्यक्रम है, जो सालाना 15 जून को होता है। इस दिन का उद्देश्य पवन ऊर्जा और इसके उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। पवन ऊर्जा के महत्व और यह कैसे दुनिया को बेहतर बना सकता है, इसके लिए दुनिया भर में यह दिन मनाया जाता है। ये सोचना भी नामुकिन ला लगता है कि बिना हवा के जिंदगी कैसे होगी। हवा है तो जिंदगी है। आज भी दुनियाभर के वैज्ञानिक कई अन्य ग्रहो पर वायु की तलाश में लगे हैं। ग्लोबल विंड डे पर 75 से अधिक देशों में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

# जन्मदिन विशेष 15 जून

राकेश कुमार




**अण्णा हज़ारे / अन्ना हज़ारे** *Anna Hazare*, जन्म- 15 जून, 1938, अहमदनगर) गांधीवादी विचारधारा पर चलने वाले एक समाज सेवक हैं, जो किसी राजनीतिक पार्टी की जगह स्वतंत्र रुप से काम करते हैं। भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ आंदोलन में आम आदमी को जोड़ने वाले सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हज़ारे का वास्तविक नाम **किसन बापट बाबूराव हज़ारे** है तथा प्यार से लोग इन्हें **अन्ना** कहते हैं। अण्णा हजारे भारत के उन चंद नेताओं में से एक है जो हमेशा सफेद खादी के कपड़े पहनते हैं और सिर पर गाँधी टोपी पहनते हैं।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 15.06.2024

## ऐल्बिनिज़्म

रंगहीनता (ऐल्बिनिज़्म) मेलेनिन के उत्पादन में शामिल एंजाइम के अभाव या दोष की वजह से त्वचा, बाल और आँखों में रंजक या रंग के सम्पूर्ण या आंशिक अभाव द्वारा चिह्नित किया जाने वाला एक जन्मजात विकार है। ऐल्बिनिज़्म, वंशानुगत तरीके से रिसेसिव जीन एलील्स को प्राप्त करने के परिणामस्वरूप होता है और यह मानव सहित सभी रीढ़धारियों को प्रभावित करता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**जापान में एक ऐसा भी bridge जहाँ आप car या bike से ट्रेवल करेंगे तो आप आसमान में जा रहे हैं वैसा लगेगा।**

# TOB बूझो तो जानें. .



418

जिसको पाए उसको काटे, है ऐसा हत्यारा, उसको जेल न फांसी होती, लगता सबको प्यारा ...... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 415

प्रत्येक वर्ष 14 जून को मनाए जाने वाले "विश्व रक्तदान दिवस "की स्थापना WHO द्वारा किस वर्ष की गई ?

A. वर्ष 1991

B. वर्ष 1998

C. वर्ष 2001

D. वर्ष 2004



सही उत्तर: D

www.teachersofbihar.org

# TOB खेल कॉर्नर

राकेश कुमार







## खेलो इंडिया

### खेलो इंडिया की शुरुआत कब हुई?



इतिहास 31 जनवरी 2018 को, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदिरा गांधी एरिना में आयोजित गुरु-शिष्य परंपरा पर आधारित उद्घाटन समारोह में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स का उद्घाटन किया।

### खेलो इंडिया गेम कितने प्रकार के होते हैं?



2017 और 2021 के बीच **तीन खेलो इंडिया स्कूल और यूथ गेम्स, एक खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और दो खेलो इंडिया विंटर गेम्स** आयोजित किए गए हैं, जो प्रतिभाशाली युवा एथलीटों को खेलो इंडिया स्कॉलरशिप के लिए प्रतिस्पर्धा करने और देश के सर्वश्रेष्ठ कोचों से प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं।

### खेलो इंडिया 2024 किस राज्य ने जीता?



**तमिलनाडु ने** चार शहरों - चेन्नई, मदुरै, त्रिची और कोयंबटूर में KIYG 2024 की मेजबानी की। महाराष्ट्र ने 57 स्वर्ण पदक, 48 रजत और 53 कांस्य के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रहकर अपने खेलो इंडिया यूथ गेम्स खिताब का बचाव किया। यह उनका चौथा KIYG खिताब था।

ललित कला अकादमी के संस्थापक,
प्रसिद्ध चित्रकार , पद्मविभूषण

# देवी प्रसाद राय चौधरी

की जयंती पर सादर नमन।



जन्म-15 जून 1899 - मृत्यु -15 अक्टूबर 1975

Madhu priya

जन्मदिन विशेष

15 जून 2024

Teachers of Bihar

The Change Makers

# आज का सुविचार

वो जो अपने लिए जीते हैं वो मर जाते हैं वो जो समाज के लिए मरते हैं वो जिंदा रहते हैं।

**अण्णा हज़ारे**

**(समाजसेवी)**

**जन्म: 15 जून 1938**



राकेश कुमार